# हमें गुर्दे के कैंसर के साथ जीने के बारे में बात करने की जरूरत है

विश्व किडनी कैंसर दिवस | 15 जून 2023


## हमें अपने परिजनों, मित्रों और अन्य रोगियों से बात करने की आवश्यकता है |

किडनी कैंसर होने का पता चलते ही कई लोगों के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा हो जाता है कि किसे क्या और कितना बताना है। यह एक असामान्य बीमारी है और बहुत कम ही हो पाता है कि आप किसी अन्य रोगी को जानते हों जो इसी बीमारी से जूझ रहा हो | लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि अपनी बीमारी के बारे में और यह कैसे आपके मन को और शरीर को प्रभावित करती है उस बारे में खुलकर बातें करना आपके लिए और आपके परिजनों और आपके दोस्तों के लिए भी अच्छा होता है | जो भी रोगी और देखभालकर्ता सपोर्ट ग्रुप से जुड़ते हैं - जहाँ वह जानकारी साझा कर सकते हैं और इसी दर्द से पीड़ित अन्य लोगों से बात कर सकते हैं - और यह अनुभव उनके जीवन को बग्रुप सकता है |

### अपने करीबी लोगों को बताना

अपने परिजनों को और मित्रों को क्या बताना है, यह तय करते समय, अपने प्रियजनों को चिंता से बचाने के लिए यह कह देना कि आप ठीक हैं और जो आप असल में महसूस कर रहे हैं उसे अपने भीतर दबाए रखना उस समय उचित जान पड़ता है पर ऐसा अक्सर सही नहीं होता । संभव है वह और भी चिंता करने लगें । आपके परिजन और दोस्त देख सकते हैं कि आप ठीक नहीं हैं, अगर मान लें कि आप कुछ छिपा रहे हैं और आप उस अनर्थ से डरे हुए हैं । आपके करीबी आपकी मदद करना चाहते हैं और आपका साथ देना चाहते हैं। इसलिए उनसे कोई बात ना छिपाएं और उन्हें आपका समर्थन करने दें, मात्र अपने लिए ही नहीं बल्कि उनके लिए भी । जैसा कि एक रोगी ने कहा, "आप देखेंगे कि जितना आपने सोचा था लोग आपको उससे कहीं ज़्यादा प्यार और आपकी चिंता करते हैं"।

"अगर मेरे पिताजी इस बारे में मुझे नहीं बताते, तो मुझे लगता कि उन्हें इस बात पर विश्वास नहीं कि मैं उनके लिए एक सपोर्ट बन सकती हूँ | "



क्लौडिया , देखभालकर्ता , इटली

"मैं बड़ी ज़िम्मेदारी से एक रोगी समर्थन ग्रुप से जुड़ने की सलाह देता हूँ |"




**हिरो | रोगी, जापान |**

## एक रोगी समर्थन समूह (पेशेंट सपोर्ट ग्रुप) से जुड़ना

अधिकांश रोगियों के आस पास में किडनी कैंसर से ग्रसित कोई अन्य नहीं होता, इसलिए एक पेशेंट सपोर्ट ग्रुप में शामिल होना और अन्य लोगों के साथ जुड़ना जो वास्तव में आप जैसी परिस्थिति से जूझ रहे हैं, व्यावहारिक और भावनात्मक समर्थन का एक बड़ा स्रोत हो सकता है। कुछ समर्थन ग्रुप कैंसर के प्रकारों और अवस्थाओं के लिए विशिष्ट होते हैं; और कुछ अधिक सामान्य हैं और किसी भी कैंसर से पीड़ित लोगों के लिए होते हैं । आप किसी भी समर्थन ग्रुप से जुड़ सकते हैं, यह जानकारी, अनुभव, सुझाव साझा करने और उन लोगों के साथ खुले तौर पर बात करने का एक मौका है जो वास्तव में समझते हैं कि आप क्या अनुभव कर रहे हैं।

# एक रोगी समर्थन ग्रुप कैसे खोजें




फेसबुक में ऊपर बाईं तरफ ग्रुप्स में खोजें




सर्च करने के बाद, बाईं तरफ की मेनू में 'ग्रुप्स' टैब पर क्लिक करें |

कुछ समर्थन ग्रुप व्यक्तिगत रूप से मिलते हैं लेकिन अधिकांश ऑनलाइन होते हैं और दुनिया में कहीं से भी रोगियों और देखभालकर्ताओं के लिए खुले होते हैं। डॉक्टर या मित्र आपको ऐसे एक समर्थन ग्रुप के बारे में अवगत करा सकते हैं या आप ऑनलाइन खोज सकते हैं। आप फेसबुक और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी ऐसे समर्थन ग्रुप्

वर्ल्ड किडनी कैंसर डे वेबसाइट ने एक आसान-से-अनुसरण करने वाली गाइड बनाई है जो आपको उन ग्रुप्

ikcc.org

"यह जानकर बहुत हिम्मत मिलती है कि अन्य लोगों ने भी इस बीमारी के दर्द को सहा है और वह इससे उभर सके हैं |"



**लिन, रोगी, यूनाईटेड किंगडम**

"यह देखकर बहुत साहस मिलता है जब आप उन रोगियों से मिलते हैं जो यह सर्जरी करवा चुके हैं और आपको पता चलता है कि आपके साथ भी यही होना है |"



**रौनल्ड , रोगी , नीदरलैंड्स**

"फेसबुक के इस समुदाय के साथ हम ज्यादा खुलकर बातें कर सकते हैं"



**जोल, रोगी, युएसए**

---

विश्व किडनी कैंसर दिवस हमारे उद्योग साझीदारों के उदार समर्थन के बगैर संभव नहीं होता।
वैश्विक किडनी कैंसर समुदाय की ओर से हम आपको धन्यवाद देते हैं।

स्वर्ण प्रायोजक: Bristol Myers Squibb

रजत प्रायोजक: EXELIXIS, IPSEN Innovation for patient care

कांस्य प्रायोजक: Eisai, MERCK, Pfizer, Roche